# पटवार परीक्षा अप्रैल – 2018
# निर्वाचन
# (प्रश्न पत्र–5)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक 100

नोट : (I) प्रश्न 1 अनिवार्य है।
(ii) शेष में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. निम्न में से 10 पर संक्षिप्त नोट लिखें –

(i) जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)
(ii) वी वी पैट VV PAT
(iii) रिटर्निंग अधिकारी
(iv) निविदत मत
(v) प्रतिभूति निक्षेप
(vi) निर्वाचन अभिकर्ता
(vii) सेवा वोटर
(viii) नामावली को भागों में तैयार करना
(ix) निर्वाचन क्षेत्र
(x) मतों की समानता
(xi) रद्द मतपत्र
(xii) पहचान को चुनौती (2.5×10)

प्र02. (i) निर्वाचन कार्यक्रम क्या है ? वर्णन करें। (5)
(ii) नामांकन पत्रों की सविक्षा की प्रक्रिया का वर्णन करें। (5)
(iii) निर्वाचन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचन लड़ने वाले अभियार्थियों को प्रतीकों का आबंटन कैसे किया जाता है ? (5)

प्र03. (i) विधानसभा चुनाव के निर्वाचन नामावली के संदर्भ में आक्षेप दाखिल करने की क्या प्रक्रिया है ? प्रारूप 6क, 6, 7, 8, व 8 क पर टिप्पणी करें। (10)
(ii) निर्वाचन नामावली में रजिस्ट्रीकरण की क्या शर्तें हैं ? (5)

प्र04. (i) हि0प्र0 पंचायती राज नियम 1994 के अनुसार मतगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन करें। (8)
(ii) पोल डयूटी मतपत्र से क्या अभिप्राय है ? विस्तार पूर्वक वर्णन करें (7)

प्र05. (क) मतदान के दिन मतदान केन्द्र में कौन–2 व्यक्ति प्रवेश कर सकता है ? (5)
(ख) पुनरीक्षण कितने प्रकार का होता है ? संक्षिप्त वर्णन करें। (5)
(ग) निर्विरोध निर्वाचन से क्या अभिप्राय है ? (5)

प्र06. (क) वुथ लेवल अधिकारी की नियुक्ति किस प्रकार से की जाती है ? कौन–2 से कर्मचारी वुथ लेवल अधिकारी नियुक्त किए जा सकते है तथा इसके क्या–2 कर्त्तव्य हैं ? (3+2+3=8)
(ख) पंचायत निर्वाचन में आरक्षण पर विस्तृत नोट लिखें। (7)

प्र07. हि0प्र0 नगरपालिका नियम 2015 के अनुसार अध्यक्ष का चुनाव कैसे किया जाता है ? वर्णन करें। (15)

प्र08. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अनुसार मामूली तौर पर निवासी से क्या अभिप्राय है ? विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (15)

*****

# पटवार परीक्षा अप्रैल – 2018
# हिमाचल प्रदेश लैंड लॉज (किताबों की सहायता से)
## (प्रश्न पत्र–4)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक 100

नोट : (i) प्रश्न सं0 1 अनिवार्य है।
(ii) शेष में से पांच प्रश्न हल करें।
(iii) अपने उत्तर की पुष्टि में संबन्धित अधिनियम / नियम / नियमावली का उल्लेख करते हुए धाराओं / नियमों / पैरों को भी संदर्भित करें।

प्र01. किन्हीं 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :–

(i) आरक्षित वन एवं संरक्षित वन
(ii) मोमी
(iii) फर्द बदर
(iv) सम्पदा
(v) ख़ानगी तकसीम
(vi) स्वयं काश्त करने का अर्थ
(vii) गोत्रज एवं बंधु
(viii) परत पटवार एवं परत सरकार
(ix) शजरा किश्तवार
(x) अनुज्ञेय क्षेत्र
(xi) भू–सुधार अधिकारी
(xii) भू–एकत्रीकरण (10×2.5=25)

प्र02. (क) गैर–कृषक से क्या अभिप्राय है ? हि.प्र. में गैर–कृषक व्यक्ति के पक्ष में भूमि हस्तांतरण किन–किन परिस्थितियों में संभव है ? वर्णन धारा एवं नियम सहित करें। (3+5=8)

(ख) गैर–कृषक के पक्ष में सरकार के बिना अनुमति भूमि हस्तांतरण करने पर की जाने वाली कार्रवाई का धारा एवं नियम सहित विस्तार से वर्णन करें। (7)

प्र03. (क) हि.प्र. नौतोड़ नियम 1968 के अंतर्गत किस प्रकार की भूमि नौतोड़ के रूप में नहीं दी जा सकती है ? हि.प्र. नौतोड़ नियम 1968 एवं हि.प्र. नौतोड़ स्पेशल स्कीम 1975 के अंतर्गत नौतोड़ प्राप्त करने की पात्रता के मानदंड में क्या अंतर हैं ? (2+4=6)

(ख) आबादी देह से क्या अभिप्राय है ? आबादी देह भूमि पर हि.प्र. भू–राजस्व अधिनियम के उपबंध किन–किन अवस्थाओं में लागू होते हैं ? (2+2=4)

(ग) तरीका तकसीम से क्या तात्पर्य है और इसमें किन–किन विषयों का वर्णन आवश्यक है ? (5)

प्र04. (क) फ़र्द कब्जा क्या होता है, उसे किसके द्वारा और किस प्रकार तैयार किया जाता है ? राजस्व अधिकारी द्वारा किन–किन संपतियों के संबंध में तकसीम से इंकार किया जा सकता है ? (3+4=7)

(ख) अधिकार अभिलेख एवं आवधिक अभिलेख में क्या अंतर है ? यह कैसे और कब तैयार किए जाते हैं ? इन अभिलेखों की प्रविष्टियों में बदलाव करने की क्या शर्तें हैं ? वर्णन धारा एवं नियम सहित करें। (2+2+4=8)

प्र05. (क) निर्वसीयत मृत्यु के मामले में हिन्दू स्त्री एवं हिन्दू पुरुष की संपति के उत्तराधिकार के सामान्य नियमों में अंतर स्पष्ट करें। (4)

(ख) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत निम्न को उत्तराधिकार के संबंध में क्या अधिकार दिए गए हैं :
(i) विवाहित पुत्री (ii) गर्भस्थ शिशु (3+3=6)

(ग) हि.प्र. भू–राजस्व अधिनियम के अंतर्गत समन एवं तामील की प्रक्रिया का वर्णन करें ? (5)

प्र06. (क) मौरूसी और गैर–मौरूसी मुजारे में क्या अंतर है ? गैर–मौरूसी मुजारे को मालिकाना हक देने से संबंन्धित सामान्य नियम के क्या अपवाद हैं ? वर्णन धारा एवं नियम सहित करें। (4+4=8)

(ख) भू–राजस्व के बकाया से क्या अभिप्राय है और इसका प्रमाण किसे माना जाता है ? भू–राजस्व के बकाया को वसूल करने के उपाय धारा सहित लिखें। (2+5=7)

प्र07. (क) हि.प्र. शामलात भूमि निदान व उपयोग अधिनियम 1974 के अनुसार राज्य सरकार में निहित करने कि प्रकिया, अतिक्रमण का उपचार, राशि तय करना तथा भूमि उपयोग वारे वर्णन, धाराओं सहित करें। (10)

(ख) क्या मुजारा भू स्वामी को भूमि छोड़ सकता है ? धाराओं सहित वर्णन करो। (5)

*****

# पटवार परीक्षा अप्रैल – 2018
# "भू अभिलेख नियमावली"
## (प्रश्न पत्र–3)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक 100

नोट : (i) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है।
(ii) शेष प्रश्नों से पांच प्रश्न करें।

प्र01. निम्न में से 10 पर संक्षिप्त नोट लिखें – (2.5X10=25)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | अमली जोत | (ii) | जागीर | (iii) | रहन व कब्जा |
| (iv) | निर्मुक्ति | (v) | नजूल भूमि | (vi) | सनद तकसीम |
| (vii) | राहिन व मुर्तहन | (viii) | खरावा | (ix) | कृषि वर्ष |
| (x) | मुआफी | (xi) | वाजिव उल अर्ज | (xii) | विभाजन विलेख |

प्र02. क) निशानदेही से क्या अभिप्राय है ? निशानदेही देने में कौन सक्षम है ? (2)
ख) निशानदेही के लिए कौन आवेदन कर सकता है ? निशानदेही में किस–2 को प्रतिवादी बनाना आवश्यक है ? (3)
ग) निशानदेही के प्रार्थना पत्र के साथ कौन–कौन दस्तावेज शामिल किए जाते हैं ? (2)
घ) निशानदेही की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन करें। (8)

प्र03. (क) गिरदावरी मौका से क्या अभिप्राय है ? गिरदावरी मौका के लिए पटवारी क्या–2 अभिलेख व सामान पैमाइश अपने साथ ले जाता है ? (3)
(ख) क्या वरवक्त गिरदावरी पटवारी निजि व सरकारी भूमि कब्जा काश्त और किस्म बदल सकता है ? (2)
(ग) गिरदावरी मौका की पूर्ण प्रक्रिया रफ्तार गिरदावरी तैयार करने से लेकर लाल किताब के नक्शा 2–3 जिन्सवार भरने तक का विस्तृत वर्णन करे। (10)

प्र04. क) पटवारी के पास कितने रोजनामचा होते हैं ? प्रत्येक का वर्णन करें। (7)
ख) पटवारी के वार्षिक कार्यक्रम का विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (8)

प्र05. (क) जमाबन्दी व मिसल हकीयत में क्या अन्तर है ? (5)
(ख) जमाबन्दी व मिसल हकीयत के साथ कौन–2 से दस्तावेज शामिल किए जाते हैं ? (5)
(ग) शजरा नस्ब का क्या महत्व है ? इसमें कौन–कौन से मालकान दर्ज किए जाते हैं ? (5)

प्र06. (क) तकसीम हुक्मन व खानगी तकसीम में अन्तर स्पष्ट करें ? (5)
(ख) तकसीम हुक्मन की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन करें ? (10)

प्र07. क) प्राकृतिक आपदा क्या है ? इस स्थिति में पटवारी के क्या कर्त्तव्य हैं ? वर्णन करें। (5)
ख) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से क्या अभिप्राय है ? सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने पर पटवारी के क्या कर्त्तव्य हैं ? (5)
ग) कम्प्यूटरीकरण के क्या उद्देश्य हैं ? (5)

*****

# पटवार परीक्षा अप्रैल – 2018
## गणित (प्रश्न पत्र–2)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक 100

नोट : (i) प्रश्न नं0 1 अनिवार्य है।
(ii) अन्य प्रश्नों में नौ प्रश्न हल करें।

प्र01. (क) $$\frac{(7.58)^3 + (2.42)^3}{(7.58)^2 - 7.58 \times 2.42 + (2.42)^2} \div \frac{\frac{1}{6} \div \frac{1}{6} \text{ का } \frac{1}{6}}{\frac{1}{6} \div \frac{1}{6} \times \frac{1}{6}} \times \frac{1.8}{1}$$ (5)

(ख) $$\frac{\frac{1}{2} \div \frac{1}{4} \text{ का } \frac{1}{6}}{\frac{1}{2} \div \frac{1}{4} \times \frac{1}{6}} + \frac{\frac{1}{2} - \frac{1}{4} \times \frac{1}{6}}{\left(\frac{1}{2} - \frac{1}{4}\right) \times \frac{1}{6}} - \frac{2.3}{.05}$$ (5)

प्र02. वह बड़ी से बड़ी संख्या प्रतीत करो जिससे यदि 9084, 12882 और 15414 को भाग दें, तो प्रत्येक अवस्था में समान शेष बचे। शेषफल भी ज्ञात करो। (10)

प्र03. एक राशि चक्रवृद्धि ब्याज से 2 वर्षों में 2420 रु और 3 वर्षों में 2662 रु हो जाती है। राशि तथा दर प्रतिशत ज्ञात करो। (10)

प्र04. एक कमरे की लम्बाई, चौड़ाई से 1½ गुणा है। इस पर चटाई बिछाने का खर्च 36 पैसे प्रति वर्गमीटर की दर से 13 रु 50 पैसे है। इसकी दीवारों पर रंग करवाने का खर्च 65 पैसे प्रति वर्गमीटर की दर से 97.5 रु है। कमरे की ऊंचाई ज्ञात करो। (10)

प्र05. एक मिश्रण में 15% पानी है और दूसरे में 40% पानी है। यदि पहले मिश्रण के 10 लीटर और दूसरे के 15 लीटर को मिला दिया जाए, तो नए मिश्रण में कितने प्रतिशत पानी होगा ? (10)

प्र06. एक नगर की जनसंख्या 50000 है। यदि पुरुषों की जनसंख्या 5% वार्षिक बढ़े और स्त्रियों की संख्या 10% वार्षिक बढ़े तो एक वर्ष के पश्चात् जनसंख्या 53500 हो जाएगी। नगर में पुरुषों व स्त्रियों की पृथक–पृथक संख्या ज्ञात करो।(10)

प्र07. A ने 3500 रुपए से व्यापार शुरू किया। कुछ समय पश्चात् B और C भी क्रमशः 2400 रु और 6000 रु लगाकर साथ मिल गए। एक वर्ष के अन्त में उन्होंने लाभ 7:4:5 के अनुपात में बांटा। B और C कब साथ मिले। (10)

प्र08. एक परिक्षा में 75% छात्र अंग्रेजी में और 80% गणित में सफल हुए। यदि दोनों में कुल 15% छात्र असफल हुए है और 280 छात्र दोनों विषयों में सफल हुए है तो कुल छात्र बताओ। (10)

प्र09. एक कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन का मध्यमान 110 रु है। यदि अफसरों की संख्या 12 है और उनके वेतन का मध्यमान 473 रु हो तो कलर्कों की संख्या ज्ञात करो। जबकि कलर्कों के वेतन का मध्यमान 88 रु है। (10)

प्र010. व्यवहार गणित की विधि से चीनी की 25 बोरियों का मूल्य 140 रु 40 पैसे प्रति क्विंटल की दर से निकालो जबकि एक बोरी में 1 Qtl. 27 Kg. 500 gm. चीनी हो। (10)

प्र011. 210 मजदूर एक खाई को 7 दिन में 10 घण्टे प्रतिदिन काम करके खोदते हैं जबकि खाई 1 किलोमीटर लम्बी, 6 मी. चौड़ी और 2 मीटर गहरी है। बताओ कितने दिनों में 35 मजदूर 7 घण्टे प्रतिदिन काम करके 2 किलोमीटर लम्बी 7.20 मीटर चौड़ी और 2.25 मीटर खाई खोदेंगे। (10)

प्र012. निर्माता एक वस्तु 25% लाभ पर थोक विक्रेता के पास बेचता है, थोक विक्रेता इसे परचून विक्रेता के पास 5% लाभ पर बेचता है। परचून विक्रेता को 756 रु. में बेच कर 20% लाभ है। उस वस्तु पर निर्माता को क्या व्यय करना पड़ा ? (10)

*****

# पटवार परीक्षा अप्रैल – 2018
# मसाहत व भूव्यवस्था नियमावली
## (प्रश्न पत्र–1)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक 100

नोट : (i) प्रश्न नं0 1 अनिवार्य है।
(ii) शेष में से कोई पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. निम्न में किन्हीं दस (2.5×10=25)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (I) | बिन्दु या नुक्ता | (ii) | मसाहत |
| (iii) | सेहदा | (iv) | लम्ब या अमूद |
| (v) | फर्जी वतर | (vi) | हदबस्त |
| (vii) | सदर चान्दा | (viii) | इन्डैक्स मैप |
| (ix) | मिसल तफरीक वाछ | (x) | नकशा वर्तन |
| (xi) | बंजर कदीम | (xii) | फील्ड बुक |

प्र02. (क) चिट्ठा शजरा नस्ब कब और कैसे तैयार किया जाता है ? वर्णन करें। शजरा नस्ब में कौन–कौन से मालकान दर्ज होंगे और कौन–2 नहीं ? (10)
(ख) जहां दादा जीवित है परन्तु मालिक जमीन नहीं है तथा बेटा पोता मालिक जमीन है, ऐसी सूरत में शजरा नस्ब कैसे बनाया जाएगा ? उदाहरण सहित समझाएं। (5)

प्र03. (क) अकेले खेत की पैमाइश और शजरा तैयार करने का क्या तरीका है ? संक्षिप्त में समझाइए। (5)
(ख) खतौनी पैमाइश कब और किस–2 अभिलेख की सहायता से तैयार की जाती है ? (5)
(ग) मोंमी और लट्ठा कब और किस अभिलेख की सहायता से तैयार किये जाते है ? इनकी पड़ताल कौन–2 अधिकारी करता है ? (5)

प्र04. (क) आधार रेखा के लिए स्थान का चुनाव और उसकी कायमी कैसे की जाती है ? (5)
(ख) शजरा पर आधार रेखा और अन्य चान्दों की कायमी कैसे की जाती है ? (5)
(ग) भू प्रबन्ध और उसके उद्देश्य क्या हैं ? (5)

प्र05. (क) ग्राम प्रशासन पत्र में कौन–कौन से रिवाज–ए–आम दर्ज किए जाते हैं ? विस्तार से वर्णन करें। (10)
(ख) पैमाईश करते समय यह कैसे निर्णय किया जाएगा कि गांव की तरमीम या जदीद पैमाईश की जाएगी ? (5)

प्र06. (क) शजरा की तैयारी और क्षेत्र की लिहाज से पैमाइश कितने प्रकार की होती है ? विस्तार से वर्णन करें। (10)
(ख) पहाड़ी पैमाईश करने का ढंग उदाहरण सहित समझाओ। (5)

प्र07. पैमाईश करते समय यदि गांव के मध्य कोई दरिया / खड्ड आ जाए तो दरिया से दूसरी ओर की भूमि की पैमाईश पटवारी कैसे करता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट करो। (15)

प्र08. मुरब्बाबन्दी की पैमाईश में किले और किले के अन्दर कायमी की पैमाईश कैसे की जाती है ? वर्णन करें। (15)

*****